गोपनीय/आवश्यक/समयबद्ध

प्रेषक,

सचिव,
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद,
जगत नारायण रोड, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांकःसं0परि0/प्र0परी0–26/24771-24884/2025–26 दिनांक 01 जनवरी, 2026

**विषय : उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में अवगत कराना है कि संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों में उत्तर मध्यमा (प्रथम एवं द्वितीय) स्तर पर अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की निम्नांकित विषयों में प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न करायी जानी है। इस हेतु सम्बधित विषय का परीक्षक राजकीय इण्टर कालेज अथवा प्रतिष्ठित कालेज में सेवारत अथवा सेवानिवृत्त प्रवक्ता को प्रयोगात्मक परीक्षक अपने स्तर से नियुक्त कर दें।

1. भौतिक विज्ञान
2. रसायन विज्ञान
3. जीव विज्ञान
4. कम्प्यूटर विज्ञान
5. भूगोल
6. गृह विज्ञान
7. कण्ठ संगीत
8. वाद्य संगीत (तबला)
9. वाद्य संगीत (सितार)
10. योग विषय

उक्त विषयों की प्रयोगात्मक परीक्षा दिनांक 15 जनवरी 2026 से 25 जनवरी 2026 के मध्य जनपद के राजकीय इण्टर कालेज में आयोजित कराने का कष्ट करें। इन विषयों में माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम संस्कृत विद्यालयों में भी लागू है। प्रयोगात्मक परीक्षा सम्बन्धी टेबुलेशन शीट्स एवं पारिश्रमिक देयक संलग्न कर इस आशय से आपको प्रेषित किया जा रहा है कि प्रयोगात्मक परीक्षक नियुक्त करते हुए उन्हें उक्त सामग्री प्राप्त करा दें तथा निर्देशित कर दें कि वे प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक सील बन्द लिफाफे में पंजीकृत डाक द्वारा 31 जनवरी 2026 तक परिषद कार्यालय को उपलब्ध करा दें। प्रयोगात्मक परीक्षा का केन्द्र जनपद मुख्यालय स्थित राजकीय इण्टर कालेज, राजकीय बालिका इण्टर कालेज अथवा जनपद के प्रतिष्ठित सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय को बनाया जाए। नियुक्त किये गये प्रयोगात्मक परीक्षकों की सूची उनके सम्पर्क नम्बर सहित अविलम्ब परिषद कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु परीक्षक को निम्न सभी बिन्दुओं का संज्ञान लेना अपेक्षित है–

1. सबन्धित विद्यालय से इस आशय का प्रमाण पत्र ले लिया जाए कि वहाँ सम्बन्धित विषय का पाठ्यक्रम शिक्षण सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक कार्य पूर्ण हो गया है।
2. इस कार्य हेतु परीक्षक को रू–200=00 प्रति कक्षा की दर से मानदेय एवं नियमानुसार यात्रा भत्ता/मार्गव्यय देय होगा।
3. प्रयोगात्मक परीक्षा प्रत्येक विषय में 30 पूर्णांक के अन्तर्गत करायी जाएगी।

भवदीय

1-1-2026

सचिव

उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद

जगत नारायण रोड, लखनऊ।

पृ0सं0: सं0परि0/ प्र0परी0–26/24771–24004/2025–26 दिनांक: उक्तावत्।

उक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित को सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. महानिदेशक स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश,लखनऊ।
2. शिक्षा निदेशक(मा0) एवं अध्यक्ष, उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, शिविर कार्यालय, 18–पार्क रोड, लखनऊ।
3. समस्त संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त उप शिक्षा निदेशक(माध्यमिक) उत्तर प्रदेश।
5. निरीक्षक संस्कृत पाठशालांए, उत्तर प्रदेश।
6. उप निरीक्षक संस्कृत पाठशालाए, कार्यालय संयुक्त शिक्षा निदेशक उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वे जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक से तत्काल सम्पर्क स्थापित कर प्रयोगात्मक परीक्षाओं हेतु परीक्षक नियुक्त कराते हुए प्रयोगात्मक परीक्षाए सम्पन्न कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा मण्डल में नियुक्त प्रयोगात्मक परीक्षकों की सूची एवं सम्पर्क नम्बर प्रयोगात्मक परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व परिषद कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
7. समस्त प्रधानाचार्य संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों को इस आशय से प्रेषित कि वे जिला विद्यालय निरीक्षक से सम्पर्क कर विद्यालय के छात्रों की प्रयोगात्मक परीक्षा निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

सचिव

उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद

जगत नारायण रोड, लखनऊ।

# प्रयोगात्मक परीक्षा—2026 सम्बन्धी दिशा—निर्देश

अंक विभाजन

पूर्णांकः—30

| प्रयोगात्मक परीक्षा | विवरण | पूर्णांक | कुल योग |
|---|---|---|---|
| बाह्य मूल्यांकनः— | दो प्रयोग | 10 | 15 |
| | प्रयोग आधारित मौखिकी | 05 | |
| आन्तरिक मूल्यांकनः— | सत्रीय कार्य(प्रयोग/प्रोजक्ट) | 10 | 15 |
| | सत्रीय कार्य आधारित मौखिकी | 05 | |
| | योग— | 30 | 30 |

1. बाह्य मूल्यांकन के अंक जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नियुक्त परीक्षक द्वारा परीक्षा के उपरान्त तथा आन्तरिक मूल्याकंन के अंक सम्बधित विद्यालय के विषय अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा प्रदान किये जायेगें।
2. उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद द्वारा विद्यालयों को प्रेषित नामावली का उपयोग इस परीक्षा हेतु किया जायेगा। नामावली में अंकित छात्र की पंजीकरण संख्या ही सम्बन्धित परीक्षार्थी का अनुक्रमांक होगा।
3. व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की परीक्षा भी संस्थागत परीक्षार्थियों की भॉति आयोजित की जाएगी। आन्तरिक मूल्यांकन के अंक परीक्षा फार्म अग्रसारण विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा प्रदान किए जायेगें।
4. निम्नांकित प्रारूप पर प्राप्तांक गोपनीय सील्ड लिफाफे में संस्कृत परिषद को परीक्षा आयोजन के पश्चात विलम्बतम तीन दिवस में प्रेषित कर दिए जाए।

सचिव
उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद
जगत नारायण रोड, लखनऊ।

———————

## प्रयोगात्मक परीक्षा प्राप्तांक विवरण का प्रारूपः–2026

विद्यालय का नामः–............................................................... जनपदः–............................

विषय का नामः–.......................................................... परीक्षा दिनांकः–................

प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्र का नाम–

केन्द्र की कुल छात्र संख्या–

### प्राप्तांक सूची

| क्रम सं0 | अनुक्रमांक अथवा पंजीकरण संख्या | परीक्षार्थी का नाम | पिता का नाम | विद्यालय द्वारा आन्तरिक मूल्यांकन | | बाह्य परीक्षक द्वारा मूल्यांकन | | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सत्रीयकार्य पूर्णांक–10 | मौखिकी पूर्णांक–05 | प्रयोगात्मक पूर्णांक–10 | मौखिकी पूर्णांक–05 | पूर्णांक–30 |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |

हस्ताक्षर दिनांक सहित
आन्तरिक परीक्षक का नाम–
पद नाम–
पता–

हस्ताक्षर दिनांक सहित
बाह्य परीक्षक का नाम–
पद नाम–
पता–